- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–विविधता में एकता भारत की विशेषता –पूरी दुनिया ने प्रयागराज महाकुम्भ में भारत की शक्ति को देखा।

- आधार पहचान संख्या को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की तैयारियो को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में बैठक की।

- राज्य में पशुधन की सुरक्षा के लिए आज से टीकाकरण अभियान की शुरूआत –दो करोड़ से अधिक पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य।

- प्रदेश के 99 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति पत्र के लिए चुना गया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को दर्शाया है और पूरी दुनिया ने भारत की शक्ति को देखा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की विशेषता है, इसे हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान अनुभव किया गया। महाकुंभ पर आज लोकसभा में बयान देते हुए श्री मोदी ने कहा कि पूरा विश्व चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है, ऐसे में एकता का भव्य प्रदर्शन देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विविधता में एकता की इस विशेषता को समृद्ध करने की जरूरत पर जोर दिया।

000

जल संरक्षण के महत्व पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में कई नदियां हैं और उनमें से कुछ खतरे में हैं। कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा।

000

रेलवे ने पिछले दस सालों में पांच लाख नौकरियां दी हैं वहीं एक लाख से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी है और सरकार इसे और बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय के कामकाज पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए आज यह बात कही।

000

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज गृह मंत्रालय और विधायी विभाग के सचिवों तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक की। नई दिल्ली में हुई इस बैठक में आधार पहचान संख्या को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने पर चर्चा की गई। इस बीच चुनाव आयोग ने लंबे समय से चली आ रही निर्वाचन संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें अगले तीन महीनों के भीतर डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र के मुद्दे को हल करना और चुनाव एजेंटों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बारे में प्रशिक्षण देने संबंधी मुद्दे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों को कम करने के लिए, निर्वाचन आयोग ने यह भी घोषणा की है कि भविष्य में किसी भी मतदान केंद्र पर एक हजार दो सौ से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि लोकतंत्र का आधार संवाद और आम सहमति है इसलिए संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सकारात्मक और रचनात्मक होनी चाहिए। श्री बिरला आज दिल्ली विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बोल रही थे। श्री बिरला ने कहा कि सदस्यों को लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करते हुए संवैधानिक मूल्यों को बनाये रखते हुए सदन का परम्पराओं का पालन करना चाहिए।

000

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य में बिना किसी भेदभाव के विकास के काम करवाये जा रहे हैं और सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए लोगों की उम्मीद से बेहतर काम कर रही है। श्री बैरवा आज जोधपुर प्रवास पर पहुंचे और हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों पर संतोष जताया। श्री बैरवा ने जोधपुर के लूणी क्षेत्र में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में भाग लिया इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल भी मौजूद रहे।

000

राज्य में आज से पशुओं का टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। पशुधन की सुरक्षा को लेकर शुरू किया गया ये अभियान 17 मई तक चलेगा। इसके तहत पशुओं में होने वाली खुरपका, मुंह पका बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनन्द सेजरा ने बताया कि प्रदेश में अगले दो महीनें में दो करोड़ से अधिक पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज चूरू पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। राज्यपाल ने जिले में किसानों को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने, औद्योगिक विकास को गति देने, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने पर जोर दिया। श्री बागड़े ने राज्य वृक्ष खेजडी के संरक्षण और संवर्धन पर खास ध्यान देने की बात कही। जिला परिषद सभागार में हुई इस बैठक में विधायक हरलाल सहारन, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना और पुलिस अधीक्षक जय यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

000

जलग्रहण यात्रा आज सलूम्बर जिले की झल्लारा पंचायत समिति पहुंची। ये यात्रा प्रदेश के 27 जिलों के 110 ब्लॉकों में पानी और मिट्टी के संरक्षण का संदेश दे रही है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना–2.0 के तहत जलग्रहण विकास और भू–संरक्षण के उद्देश्य से इसे देशभर में चलाया जा रहा है। यात्रा के आगमन पर पंचायत समिति मुख्यालय पर नुक्कड नाटक, कठपुतली शो सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, वहीं बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं रखी गई। इस मौके पर जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई। यात्रा अगले दो दिनों तक जिले की अलग अलग पंचायत में जाएगी ।

000

प्रदेश में पहचान पोर्टल पर जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन से संबंधित लगभग साढे तीन करोड़ डाटा संग्रहीत हो चुका है। आर्थिक और सांख्यिकी विभाग के निदेशक विनेश सिंघवी ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए राज्य में ऑनलाईन वेबपोर्टल 'पहचान' के माध्यम से ई–साईन युक्त जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में पोर्टल पर डाटा और बढ़ेगा इस स्थिति के मद्देनजर पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर में शिफ्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिफ्टिंग के दौरान दो दिन के लिए 20 और 21 मार्च को पहचान पोर्टल से जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन संबंधित सभी काम बंद रहेगें।

000

प्रदेश के 99 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति पत्र के लिए चुना गया है। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कल इस संबंध में एक आदेश जारी कर चयनितों की सूची जारी की। श्री साहू ने बताया कि पुलिस सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों के मनोबल बढ़ोतरी के लिए महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति डिस्क और प्रशस्ति रोल दिये जाने का प्रावधान किया गया है। चयनितों में अतिरिक्त महानिदेशक मालिनी अग्रवाल और विशाल बंसल, इंटेलिजेंस ट्रेंनिंग एकेडमी के निदेशक दीपक भार्गव, सहित अन्य अधिकारी और कार्मिक शामिल हैं।

000

जयपुर में 21 मार्च को डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जयपुर डाकघर मण्डल के प्रवर अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान मण्डल से संबंधित डाक काउन्टर सेवा, मनीऑर्डर, स्पीड़ पोस्ट, पार्सल सहित अन्य मामलों की सुनवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता प्रकरण को पूरे ब्यौरे के साथ 19 मार्च तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

000

जयपुर में विजयदान देथा साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 21 मार्च से जवाहर कला केन्द्र में होने वाले तीन दिन के इस उत्सव में विभिन्न साहित्यिक गतिविधियां होंगी। जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक अल्का मीणा ने बताया कि इस दौरान कवि सम्मेलन भी रखा गया है।

..................

जयपुर में पर्यटन विभाग की ओर से होने वाले पाक्षिक आयोजन कल्चरल डायरीज का सातवां संस्करण 21 और 22 मार्च को होगा। अल्बर्ट हॉल पर होने वाले इस कार्यक्रम में कथक नृत्य और ताल वाद्य कचहरी की प्रस्तुति होगी।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के बाद अब तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

इस बीच बीते चौबीस घंटों में बाड़मेर में पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया। चित्तौडगढ़, डूंगरपुर, जालौर में भी दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ।

000

चित्तौडगढ में पुलिस ने आज दो अलग–अलग मामलों में 10 किलो से अधिक अफीम जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत नाकेबंदी के दौरान मंडफिया से ये अफीम जब्त की गई।

000

प्रदेश में एग्रीस्टेक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जयपुर के चौमू उपखण्ड की चार ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। उपखण्ड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड ने बताया कि ये शिविर इटावा भोपजी, महार कलां, देवथला और हस्तेडा में लगाये गये।

000